न्यायालय सहायक कलक्टर एवं उपखण्ड अधिकारी लूणी जिला जोधपुर

राजस्व विभिन्न पत्र संख्या : 3/2024

प्रार्थी

अप्रार्थी

गणपतराम उर्फ गणपतसिह बनाम राजस्थान सरकार जरिये तहसीलदार लूणी।

किस्म मुकदमा– राजस्व विभिन्न प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 136 भू.राजस्व अधिनियम

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
9/12/2024	प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा ,136 भू राजस्व अधिनियम का प्रार्थना पत्र ग्राम शिकारपुरा के खसरा नम्बर 213/1, 629, 630, 631, 645, 646, 647, व 648 मे प्रार्थी का उक्त खसरान की कृषि भूमि मे गणपत राम उर्फ गणपतसिह पुत्र श्री दुर्गसिह उर्फ दुर्गाराम के स्थान पर गणपत सिह पुत्र दुरगा दर्ज कर दिया गया जबकि प्रार्थी का सही नाम वास्तविक नाम गणपत राम उर्फ गणपतसिह पुत्र श्री दुर्गसिह उर्फ दुर्गाराम है। इसलिए प्राथी द्वारा गणपत सिह पुत्र दुरगा के स्थान पर गणपत राम उर्फ गणपतसिह पुत्र श्री दुर्गसिह उर्फ दुर्गाराम किया जाने निवेदन किया गया । प्रार्थी का प्रार्थना पत्र दर्ज रजिस्टर किया जाकर अप्रार्थी को समन जारी किये गया तथा तहसीलदार लूणी से जबाव वास्ते तहरीर जारी की गई। तहसीलदार लूणी के पत्र कमाक/भूअ/2024/2508 दिनाक 02.09.2024 के द्वारा प्रकरण मे जबाव प्राप्त हुआ। जिसमे बताया गया कि ग्राम शिकारपुरा पटवार मण्डल शिकारपुरा मे खसरा नम्बर 213/1 रकबा 2.2525 किस्म बारानी प्रथम खातेदारी भूमि दर्ज है जिसमे प्रार्थी का नाम गणपतसिह पुत्र दुर्गसिह राजपुरोहित सा देह,खातेदार दर्ज है। जबकि जमाबन्दी संवत 2048–20251 के खाता नम्बर 168 के खसरा नम्बर 213 मे प्रार्थी का नाम गणपत पिता दुर्गा कौम पुरोहित सा,देह खातेदार दर्ज है। सह खातेदार रामचन्द्र पिता दुर्गा व बालू पिता दुर्गा के फौतगी नामान्तरकरण संख्या 469 दर्ज करते वक्त प्रार्थी का नाम गणपत पिता दुर्गा के स्थान पर गणपतसिह पुत्र दुर्गसिह दर्ज किया जाना बताया गया। गाम शिकारपुरा के खाता संख्या 136 के खसरा नम्बर 629, 630, 631, 645, 646, 647, व 648 कुल रकबा 07 रकबा 11.7196 हैक्टर मे प्रार्थी का नाम गणपत पुत्र दुरगा दर्ज है। तथा तहसीलदार लूणी द्वारा अपनी रिपोर्ट के आधार पर गणपत सिह पुत्र दुरगा के स्थान पर गणपतराम उर्फ गणपतसिह पुत्र श्री दुर्गसिह उर्फ दुर्गाराम किया जाने की अनुशषा की गई। प्रकरण मे सहखातेदार के बयान लिये गये जिसमे गणपत सिह पुत्र दुरगा एव गणपतराम उर्फ गणपतसिह पुत्र श्री दुर्गसिह उर्फ दुर्गाराम एक ही व्यक्ति होना बताया गया। अतः– प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 136 भू.राजस्व, अधिनियम को प्रार्थना पत्र स्वीकार योग्य प्रतीत होने से प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाता है तथा तहसीलदार लूणी को आदेश दिया जाता है कि ग्राम शिकारपुरा के खसरा नम्बर 213/1, 629, 630, 631, 645, 646, 647, व 648 मे प्रार्थी का नाम गणपत सिह पुत्र दुरगा के स्थान पर गणपतराम उर्फ गणपतसिह पुत्र श्री दुर्गसिह उर्फ दुर्गाराम नाम दर्ज किया जावे पालना रिपोर्ट वास्ते तहसीलदार लूणी को तहरीर जारी हो पत्रावली फैसल शुमार होकर दाखिल दफ्तर हो।	

सहायक कलक्टर एवं उपखण्ड अधिकारी,
लूणी